# बलिया दर्शन




## VOLUME 38

**01/JAN/2020 TO 31/JAN/2020**

# ई-पत्रिका

*E NEWSLETTER 1*

Happy New Year




श्री दिनेश कुमार विश्वकर्मा

(अधिशाषी अधिकारी)

श्री अजय कुमार

(अध्यक्ष)



नगर पालिका परिषद, बलिया 2020 के ई-पत्रिका बलिया दर्पण में स्वागत है | जनवरी माह में हुये विकास कार्यो को ई-पत्रिका बलिया दर्पण के माध्यम से आपसब तक पहुँचाना चाहते हैं बलिया नगर पालिका प्रत्येक माह ई-पत्रिका बलिया दर्पण के द्वारा नगर पालिका में हुये विकास कार्यो को आपसब के सामने लाने का प्रयास करता है | जिससे बलिया नगर पालिका परिषद के विकास और नई योजनाओं से लाभान्वित हो सके | नगर पालिका परिषद बलिया का एक मात्र उद्देश्य नगर पालिका का विकास है | जिसमे बिना किसी भेद-भाव, सभी समुदायों के लोगो को एकसाथ लेकर आगे बढने का उद्देश्य है | जिसके लिए नगर पालिका परिषद के निवासियों को इसमें सहयोग महत्वपूर्ण है | और नगर पालिका इसका उम्मीद करता है | नगरवासियों से अपील है की नगर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने में नगर पालिका की मदद करे | अपने आस-पास साफ-सुथरा रखे | कूड़ा-कचरा डस्टबिन में रखे , गन्दगी न फैलाये | आने वाले कल अच्छा हो इसके लिये आज बेहतर बनायें |






**Mr. Dinesh kumar Visvakarma**

(Executive Officer)

I am happy to present the January 2020 issue to all of you. A number of projects have been commissioned in the month of January. The former will help smoothen the flow of traffic, reduce the travel time of citizens, ease the congestion and reduce pollution on nagar road. There have been a lot of lessons to learned and these insights will certainly stand in good stead with us in our endeavors in future. The one thing that stands out is the most active participation of citizens. We, the residence of the Nagar Palika Parishad Ballia respective of ages, castes, creeds, religions, localities have untidily participated in creation of Ballia Swachh Nagar Palika Parishad proposal. As I look into the future with great expectation, it is this one aspect of the municipality which gives me the greatest hope. We in the Nagar Palika Parishad Ballia, would be very happy to receive your feedbacks on all matters that you feel are important.



# Nagar Palika Parishad Ballia

I am delighted to present the tasks and issue of Ballia Nagar Palika by E-Patrika Ballia in January 2020. Nagar Palika Parishad Ballia is grateful to the citizens who displayed tremendous enthusiasm and whole heartedly participated in numerous activities throughout this period. All of us should bear in mind that this is not end but a beginning of the exercise pertaining to development and Swachh Mission program. The coming years will surely be very hectic and eventful. Ballia promises to leave no room for complacency and will work even harder to achieve the targets. We solicit active participation from the citizens in our endeavor. We sincerely believe that decisions taken by Nagar Palika Parishad Ballia should benefit Nagar Palika Parishad Ballia and the citizens in the ultimate analysis. Many projects process in work in Nagar Palika Parishad Ballia for development our Nagar Palika and citizens. Thanks to all citizens of Nagar Palika Parishad Ballia for supporting to develop Ballia.



# Guru Govind Singh Jayanti
# (गुरु गोबिंद सिंह जयंती)


02/Jan/2020

गुरु गोविंद सिंह ने हमेशा यह उपदेश दिया कि
भगवान तक पहुंचने के लिए प्रेम ही एक माध्यम है,
तो चलिए उनके कहे शब्दों का अनुसरण करके उनका जन्मदिन मनाएं..
हैप्पी गुरु गोविंद सिंह जयंती

खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह जी की
350वीं जयंती के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं!

वाहे गुरु का आशीष सदा मिले,
ऐसी है कामना मेरी!! गुरु की कृपा से
आएगी,
घर-घर में खुशहाली!!
गुरु गोविंद सिंह जयंती की बधाइयां!!!







**E NEWSLETTER 5**

# Makar Sankranti (मकर संक्रांति)

## 15/Jan/2020

भारत में धार्मिक और सांस्कृतिक नजरिये से मकर संक्रांति का बड़ा ही महत्व है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार मकर संक्रांति के दिन सूर्य देव अपने पुत्र शनि के घर जाते हैं।

1. जब तक सूर्य पूर्व से दक्षिण की ओर चलता है, इस दौरान सूर्य की किरणों को खराब माना गया है, लेकिन जब सूर्य पूर्व से उत्तर की ओर गमन करने लगता है, तब उसकी किरणें सेहत और शांति को बढ़ाती हैं। इस वजह से साधु-संत और वे लोग जो आध्यात्मिक क्रियाओं से जुड़े हैं उन्हें शांति और सिद्धि प्राप्त होती है। अगर सरल शब्दों में कहा जाए तो पूर्व के कड़वे अनुभवों को भुलकर मनुष्य आगे की ओर बढ़ता है।

2. स्वयं भगवान कृष्ण ने गीता में कहा है कि, उत्तरायण के 6 माह के शुभ काल में, जब सूर्य देव उत्तरायण होते हैं, तब पृथ्वी प्रकाशमय होती है, अत: इस प्रकाश में शरीर का त्याग करने से मनुष्य का पुनर्जन्म नहीं होता है और वह ब्रह्मा को प्राप्त होता है। महाभारत काल के दौरान भीष्म पितामह जिन्हें इच्छामृत्यु का वरदान प्राप्त था। उन्होंने भी मकर संक्रांति के दिन शरीर का त्याग किया था।

3. साल 2020 में सूर्य 14 जनवरी की शाम को मकर राशि में प्रवेश कर रहा है। चूंकि संक्रांति का पुण्य स्नान सूर्योदय पर किया जाता है, इसलिए इस बार संक्रांति 15 जनवरी को मनाई जाएगी। 14 जनवरी को संक्रांति 'गर्दभ' पर सवार होकर शाम को आ रही है। संक्रांति का उपवाहन मेष है। संक्रांति गर्दभ पर सवार होकर गुलाबी वस्त्र धारण करके मिठाई का भक्षण करते हुए दक्षिण से पश्चिम दिशा की ओर जाएगी।







*E NEWSLETTER 6*

# Republic Day (गणतंत्र दिवस)

## 26//Jan/2020

26 जनवरी है और पूरा देश पूरे जोश के साथ गणतंत्र दिवस मनाएगा। राजपथ पर भव्य 71वें गणतंत्र दिवस समारोह में देश की सैन्य ताकत दिखाई देगी। परेड में देश की सांस्कृतिक विविधता में एकता, अखंडता की झलक दिखाई देगी। न सिर्फ राजपथ, बल्कि विभिन्न स्कूल, कॉलेजों और सरकारी कार्यालयों में ध्वाजारोहण एवं राष्ट्रगान होगा। आज के दिन अपनी जान की कुर्बानी देकर देश को आजाद करवाने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को याद करना बेहद जरूरी है। भारत को एक आजाद देश बनाने के लिए इन लोगों ने अंग्रेजों के खिलाफ लगातार लड़ाई लड़ी। हम इन सभी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को भूल नहीं सकते। यह किसी धर्म विशेष का नहीं बल्कि पूरे देश का पर्व है। इस मौके पर आप अपने दोस्तों और रिश्तेदारों को इस राष्ट्रीय पर्व की शुभकामनाएं भेज सकते हैं-

ऐ मेरे वतन के लोगों तुम खूब लगा लो नारा
ये शुभ दिन है हम सब का लहरा लो तिरंगा प्यारा
पर मत भूलो सीमा पर वीरों ने है प्राण गंवाए
कुछ याद उन्हें भी कर लो जो लौट के घर न आये...
71वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

मुझे ना तन चाहिए, ना धन चाहिए
बस अमन से भरा यह वतन चाहिए
जब तक जिन्दा रहूं, इस मातृ-भूमि के लिए
और जब मरुं तो तिरंगा कफन चाहिए
Happy Republic Day 2020










*E NEWSLETTER 7*

# Vasant Panchami (वसंत पंचमी)

## 30/Jan/2020

बसंत पंचमी के दिन हिन्दू धर्म में बहुत महत्व रखता है इस दिन के महत्व इसीलिए माना जाता है क्योकि इसी दिन संगीत, ज्ञान व कला की देवी माता सरस्वती का जन्म हुआ था इसीलिए इस दिन को सरस्वती जयंती के नाम से भी जाना जाता है | बसंत पंचमी के बाद से ही शीत ऋतू के समापन व बसंत ऋतू के स्वागत किया जाता है और पुरे देश में हर जगह लोग पीले रंग के वस्त्र पहन कर इस त्यौहार को मनाते है तथा माता सरस्वती की पूजा करते है | इस दिन की बधाई के लिए हम अपने कई सम्बन्धियों व दोस्तों को इस दिन की शुभकामनये या बधाई SMS मैसेज के माध्यम से फेसबुक, व्हाट्सएप्प तथा इंस्टाग्राम पर देते है इसीलिए आप इनकी कुछ शुभकामनाये जान सकते है |

सरस्वती पूजा का यह प्यारा त्यौहार,

जीवन में खुशी लाएगा अपार, सरस्वती विराजे आपके द्वार, शुभकामनाएं हमारी करें स्वीकार। बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं। हैप्पी बसंत पंचमी।

किताबों का साथ हो, पेन पर हाथ हो,

कोपिया आपके पास हो, पढाई दिन रात हो,

जिंदगी के हर इम्तिहान में आप पास हो।

बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं।

हैप्पी बसंत पंचमी।









# चेयरमैन एवं ईओ ने करायी वाटर टैंक की सफाई



**बलिया।** जगदीशपुर स्थित पानी टंकी में सेन्ट्रल वाटर रिजर्व वायर टैंक की सफाई गुरूवार को नगर पालिका अध्यक्ष अजय कुमार समाजसेवी व ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा कराया गया। विगत 2013 में बने इस तीन लाख लीटर क्षमता वाले पानी टैंक की सफाई कभी भी नहीं कराई गई थी। नपा अध्यक्ष ने बताया कि नगर की जनता के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा था। इस जंग लगे दूषित पानी को पीने के लिए विगत् कई वर्ष से नगर पालिका द्वारा स्टोर करके रखा गया थ, जिसे संज्ञान में लेते हुए यह सफाई करवाई जा रही है। विगत् कई वर्ष से सफाई न हो पाने से जब इस टैंक की सफाई की जाने लगी तो इसमें से जंग व काई लगा गंदा पानी निकलने लगा। इसे देख वहां मौजूद सभी लोग दंग रह गए। इस दौरान नगर पालिका कर्मचारी मो.शमीम, शैलेश तिवारी, अभिषेक निषाद, सुनील पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# चेयरमैन ने ग्रास वाहनों को दी हरी झंडी

## अन्न की अंधाधुंध बर्बादी रोकने को उठाया गया कदमः अजय कुमार

जनसंदेश न्यूज



गौ ग्रास वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते चेयरमैन अजय कुमार समाजसेवी

**बलिया।** घरों में बचा हुआ खाना अब बर्बाद नहीं होगा, इसके लिए नगर पालिका परिषद बलिया ने एक अनूठी पहल की है। चेयरमैन अजय कुमार समाजसेवी ने दो गौ ग्रास वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही 40 ट्रायल रिक्शा भी डोर टू डोर कूड़ा संग्रहण के लिए रवाना किए गए।


चेयरमैन अजय कुमार समाजसेवी ने बताया कि अनाज की बर्बादी और अन्न का अपमान रोकने के लिए दो गौ ग्रास वाहन रवाना किए गए, जो सिटी जोन और सिविल लाइन जोन में गली-गली घूमकर घरों एवं होटलों से बचे हुए खाने को एकत्रित करेंगे। इसे पशु आश्रय गृह के गोवंश को खिलाया जाएगा। कहा कि इससे जहां एक ओर अनाज की बर्बादी पर अंकुश लगेगा, वहीं गौ का पेट भी भरेगा। कहा कि शहर के 25 वार्डों में डोर टू डोर कूड़ा संग्रहण के लिए नगर पालिका 25 ई-रिक्शा संचालित कर रही है, किन्तु चार्जिंग आदि की समस्या के कारण कई बार कूड़ा संग्रहण में बाधा आती थी।

इसे देखते हुए 40 ट्रायल रिक्शा को रवाना किया गया, जो ई-रिक्शा की तरह गली में सीटी बजाते हुए घर-घर से कूड़ा एकत्रित करेंगे। इस मौके पर सभासद विनोद सिंह, उमेश, शकील अहमद, सुमित मिश्रा, पल्लू जायसवाल, संजय यादव लुत्ती के साथ श्याम जी, अशोक सिंह, रविन्द्र सिंह, आर्यन ग्रुप के इंचार्ज अमित मिश्रा, राघव मिश्रा आदि मौजूद रहे।

**क्रिकेट प्रतियोगिता आज से : नगरा।** सुभाष क्लब ताड़ीबड़ागांव के तत्वावधान में शिवकुमार सिंह स्मृति राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 23 जनवरी से सुभाष इंटर कालेज ताड़ीबड़ागांव के मैदान पर किया गया है। प्रतियोगिता में गाजीपुर, बलिया, मऊ , भदोही, वाराणसी, देवरिया के अलावा जबलपुर (मप्र) व सिवान (बिहार) की टीमें भाग लेंगी। यह जानकारी देते हुए आयोजक मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर पासवान करेंगे।




SWACHH
SURVEKSHAN
4th - 31st January 2020
अपने शहर को नंबर 1 बनाएं
World's Largest
Cleanliness Survey
for Urban Areas
150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA
Ministry of Housing and Urban Affairs
Government of India
स्वच्छ भारत


Ministry of Housing and Urban Affairs
Government of India
SWACHH
SURVEKSHAN
4th - 31st January 2020
ARE YOU A SWACHH
BHARAT WHIZ?
QUESTION 3:
What was the second cleanest
city in Swachh Survekshan 2019?
my GOV
मेरी सरकार
*A winner will be eligible for the prize only once during the entire quiz.
Ipsos


Ministry of Housing and Urban Affairs
Government of India
स्वच्छ
सर्वेक्षण
4 से 31 जनवरी 2020
स्वच्छता
हीरो
आइये, अपने हीरोज़
को पहचानें!
अपने स्वच्छता हीरोज़ के बारे में हमें बताएं।
हम आपकी कहानियाँ देश के साथ साझा करेंगे।
Ipsos


Ministry of Housing and Urban Affairs
Government of India
SWACHH
SURVEKSHAN
4th - 31st January 2020
SWACHHATA
HEROES
LET'S HAIL
OUR HEROES!
Tell us about your Swachhata Heroes,
and we will share their stories here.
Ipsos


Ministry of Housing and Urban Affairs
Government of India
my GOV
मेरी सरकार
SWACHH
SURVEKSHAN
4th - 31st January 2020
There are two types of people:
WHAT CAN I DO TO HELP MY CITY WIN?
I'VE GIVEN MY FEEDBACK ON VOTE FOR YOUR CITY APP
Download the #VoteForYourCity
App and help your city win
Ipsos

# बलिया में 27 कर्मियों को दे डाले 91 लाख

बलिया | वरिष्ठ संवाददाता

जिले में कुल 27 ग्राम विकास अधिकारी व सहायक विकास अधिकारियों को गलत फिक्सेशन करके 91 लाख 67 हजार शासकीय धन दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। शासन स्तर या ग्राम विकास आयुक्त के यहां से अनुमति लिए बगैर ही जिला विकास कार्यालय से ही यह मनमानी कर दी गई। हालांकि इन कर्मचारियों से वसूली करने का भी आदेश हो गया है, लेकिन सूत्रों की मानें तो मामला कोर्ट तक चला गया है और वहां से स्टे मिल जाने के बाद वसूली भी इतना आसान नहीं रह गई है। अब इसमें बड़ा पेंच फंसना तय माना जा रहा है।

ऐसे में माना जा रहा है कि मनमाने तरीके से इस तरह का फिक्सेशन कर सामान्य कार्य को पचड़े में फंसाने वाले

## बड़ी चूक

- वीडीओ व एडीओ को अनुचित तरीके से दिया लाभ
- 22 हो चुके हैं रिटायर, स्टे के बाद रिकवरी में भी पेंच

अधिकारी-कर्मचारी कार्रवाई की जद में आ सकते हैं।

**यह है पूरा मामलाः** जिला विकास कार्यालय में 26 वर्ष की सेवा पर 27 ग्राम विकास अधिकारी/सहायक विकास अधिकारी को 5400 ग्रेड-पे का लाभ दे दिया गया। विभाग की मानें तो यह अनुमन्य नहीं है लेकिन जब बलिया में ऐसा हुआ तो अन्य जिले के सहायक विकास अधिकारी भी 5400 ग्रेड पे की मांग करने लगे। मऊ जनपद से उठी मांग ग्राम विकास आयुक्त के संज्ञान में आई तो वहां से जिला विकास अधिकारी (बलिया) से जवाब मांगा गया कि आखिर किस आधार पर इन 27 कर्मचारियों को यह लाभ दिया गया।

## बड़ा सवाल, अब कैसे होगी रिकवरी

रिकवरी के आदेश पर कोर्ट से स्टे आर्डर मिलने के बाद बड़ा सवाल यह है कि आखिर अब 91 लाख रुपए की वसूली कैसे होगी। गलत फिक्सेशन के जरिए जिन 27 अधिकारियों-कर्मचारियों को अनुचित तरीके से 91 लाख रुपए दे दिए गए, अब उनमें मात्र पांच कर्मचारी ही सेवा में हैं। शेष 22 सहायक विकास अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं। ऐसे में इनसे वसूली भी अब आसान नहीं होगा।









# *स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत खुले मे शौच से मुक्ति के सम्बन्ध में जागरूकता हेतु एक मार्मिक अपील*

*जागो युवा जागो स्वच्छ भारत है तुम्हारा अधिकार लेकिन पहले उठाओं पहले कर्तव्य का भार*

*************************************************

जब होगी हर डगर, हर गली साफ |
तो ही पूरी होगी स्वच्छ भारत की आस ||

*************************************************

हर गाँव हर शहर होगा  जब साफ |
तभी हो पाएगा देश का सही विकास ||

*************************************************

स्वच्छ भारत अभियान है एक आस |
ताकि हो भारत देश का सम्पूर्ण विकास ||

*************************************************

स्वच्छता ही है एक मात्र उपाए |
जो सभी को हमेशा स्वस्थ्य  बनाए ||

*************************************************

स्वच्छता है महा अभियान |
स्वछता मे दीजिए अपना योगदान ||

*************************************************

हाथ से हाथ मिलाना है
गंदगी नहीं फैलाना है
स्वच्छता को अपनाना है

*************************************************

***स्वच्छ भारत मिशन बलिया***

श्री दिनेश कुमार विस्वकर्मा
*( अधिशाषी अधिकारी )*

श्री अजय कुमार
*( अध्यक्ष )*




: www.fageosystems.in

: info@fageosystems.in

**Tel/Fax** : 01204349756